अग्नि शमन कर्मचारियों के सूझ बूझ से टला गंभीर हादसा

डाबुगां 16 जून (सन्यूस) पापड़ाहांडी ब्लाक के कंटामाल गांव में गत दिवस एक परिवार गंभीर हादसे से बाल बाल बच गये।

कंटमाल गांव निवासी डंबरुधर बिषोयी की मकान में गत 12 जून को अचानक रसोई गैस रिसाव होने लगी एवं पूरे मकान में गैस फैल गया। घरवालों को गैस रिसाव के बारे में पता चलते ही उन्होंने इस बारे में डाबुगां के अग्निशमन विभाग को सूचित किया जिससे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने घरवालों को मकान के अंदर किसी भी स्थिति में माचिस नही जलाने तथा विधुत उपकरण जैसे जलती बल्व को नही बुझाने तथा बल्व नहीं जलाने सहित पंखे आदि चालू नही करने एवं खिड़ी, दरवाजे आदि को खोल देने की समझाईश दी। इसके कुछ ही देर बाद अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर एल पी जी गैस टंकी को चूल्हे से अलग कर बाहर निकाल दिया एवं कर्मचारियों के सूझ बूझ से एक गंभीर हादसे को टाल दिया गया। परिवार के कोई सदस्य यदि अनजान से गैस चूल्हा जलाने का प्रयास करते तो गैस टंकी विस्फोट होकर भारी जानमाल का नुकसान हो सकता था।

गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं टुटीगुड़ा के ग्रामीण

डाबुगां 15 जून (सन्यूस) झरिगांव ब्लाक के धामनागेुड़ा पंचायत अंतर्गत टुटीगुड़ा गांव के ग्रामीणों ने इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझने के जानकारी मिली है।

डाबुगां उमरकोट सड़क के झरिगुड़ा चौक से मात्र 4 किमी. दूरी पर स्थित टुटीगुड़ा गांव में करीब 70 परिवार निवासरत हैं। ब्लाक प्रशासन की ओर से ग्रामीणों के लिए आज तक एक भी नलकूप स्थापित नहीं किया गया है। गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के लिए स्थापित एक मात्र नलकूप से ही पूरे ग्रामीण प्यास बुझाते थे मगर विगत कुछ दिन पूर्व उक्त नलकूप भी बिगड़ गया है। जिसके चलते ग्रामीणों ने कुएं एवं तालाबों के गंदे पानी को पेयजल के रुप में उपयोग करने विवश है।

गांव में व्याप्त उक्त समस्या के संबंध में झरिगांव के विकासखंड अधिकारी सरोज कुमार मिश्र से पूछे जाने पर उन्होंने कहा है कि यदि उक्त गांव में गंभीर पेयजल संकट व्याप्त है एवं संबंधित गांव के ग्रामीणों के व्दारा लिखित रुप से शिकाय किया जाता है तो समस्या का निरकरण करने समुचित पहल किया जायेगा।

जबागुड़ा वन सुरक्षा कमेटी को मिला प्रकृति मित्र पुरस्कार

डाबुगां 15 जून (सन्यूस)डाबुगां ब्लाक अंतर्गत जबागुड़ा गांव के वन सुरक्षा कमेटी को पर्यावरण सुरक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रकृति मित्र पुरस्कार प्रदान किया गया है।

ओड़िशा के राजधानी भुवनेश्वर स्थित रवींदर मंडप में गत 5 जून को आयोजित एक कार्यक्रम में ओड़िशा सरकार के वन व पर्यावरण विभाग की ओर से जबागुड़ा वन सुरक्षा कमेटी के अध्यक्ष लकीनाथ माझी को उक्त पुरस्कार के तहत दस हजार रुपये का चेक एवं वन व पर्यावरण मंत्रालय के अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव के हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया गया है कि इस दौरान वन संरक्षण व पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राज्य के कई वन सुरक्षा समितियों को भी पुरस्कृत किया गया।

पिता को भरण पोषण की राशि नहीं देने पर पुत्र को 1 माह की जेल

भोपाल 15 जून (ए) मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की गोविंदपुरा एसडीएम कोर्ट ने पिता जगदीश यादव की शिकायत पर उसके पुत्र राजू यादव को 2000 रुपया प्रतिमाह भरण पोषण देने का आदेश दिया था। पुत्र राजू यादव ने एसडीएम मुकुल के आदेश का पालन नहीं किया। पिता को 2000 रुपया प्रतिमाह का भरण पोषण राशि नहीं दीए उल्टे पिता के साथ मारपीट की। पिता जगदीश यादव ने इसकी शिकायत एसडीएम मुकुल से की। इसके बाद एसडीएम ने पुत्र राजू यादव को कोर्ट में हाजिर कराया। उसने पैसे देने से इनकार किया। उसके बाद एसडीएम गोविंदपुरा ने आरोपी राजू को 1 माह की जेल और 5000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पिता को भरण पोषण राशि नहीं देने के कारण उसे जेल भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री ने केला उत्पादक किसानों के लिये कीं महत्वपूर्ण घोषणाएं

केला उत्पादक किसानों को देय मुआवजा राशि में होगी साढ़े सात गुना वृध्दि

केले की क्षतिग्रस्त फसलों को देखने खेतों में पहुँचे मुख्यमंत्री

भोपाल15 जून (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बुरहानपुर जिले में आँधी.तूफान से क्षतिग्रस्त केले की फसलों का जायजा लेने सीधे खेतों में पहुँचे। फसलों को हुए नुकसान से किसानों को राहत देने का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केला उत्पादक किसानों को प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति का अधिकतम मुआवजा दिलाया जाएगा। चौहान ने घोषणा की कि राज्य सरकार राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों में शीघ्र ही संशोधन करेगी और किसानों को देय 13 हजार 500 रुपये प्रति हैक्टेयर मुआवजा राशि में लगभग साढ़े सात गुना वृद्धि करते हुए एक लाख रुपये प्रति हैक्टेयर मुआवजा देगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार केला उत्पादक किसानों के साथ है। किसानों को हर संकट से राहत दिलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूँ कि केले की फसल बहुत नाजुक होती हैए आँधी.तूफान से एक बार अगर पौधे का तना टेढ़ा हो जायेए तो पूरा पौधा खराब हो जाता है। चौहान ने किसानों को राहत देने के लिये महत्वपूर्ण घोषणाएँ करते हुए कहा कि केला उत्पादक किसानों को फसल बीमा योजना में अधिकतम बीमा राशि दिलवाने के लिये बीमा कम्पनी और भारत सरकार के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। क्षतिग्रस्त फसलों के लिये संबंधित किसानों का बिजली बिल राज्य सरकार भरेगी। फसल ऋण की वसूली को फिलहाल स्थगित किया जाएगा। खेतों से केले की क्षतिग्रस्त फसल को हटाकर खेत को साफकरने के कार्य के लिये छोटे और सीमांत किसानों को रोजगार गारंटी योजना में मजदूरी का भुगतान करवाया जाएगा। केला उत्पादक किसानों के फसल ऋण का ब्याज राज्य सरकार भरेगी और केले की अगली फसल के लिये किसानों को बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने ग्राम उमरदा में कृषक काशीनाथ और शहपुर में कृषक अनिल महाजन और भागवत के खेतों में जाकर केले की क्षतिग्रस्त फसलों का जायजा लिया। इस मौके पर महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिसए सांसद नन्दकुमार सिंह चौहानए विधायक सुमंजु दादूए महापौर अनिल भोंसलेए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय जाधवए स्थानीय जन.प्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

राज्य सरकार ने समाज के कमजोर वर्ग की भलाई के लिये किये हैं अनेक कार्य

0 कसरावद में हितग्राही सम्मेलन में स्कूल शिक्षा मंत्री कुँवर विजय शाह

भोपाल 15 जून (ए) स्कूल शिक्षा मंत्री कुँवर विजय शाह ने कहा है कि राज्य सरकार ने समाज के कमजोर वर्ग की भलाई के लिये अनेक कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्कूल शिक्षा मंत्री आज खरगोन जिले के कसरावद में विकास.यात्रा के दौरान हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री नल.जल योजना के निर्माण कार्यों का भूमि.पूजन और रैन.बसेराए सीण्सीण् रोड समेत विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

मंत्री कुँवर शाह ने जिले में बाल स्वास्थ्य संबंधी दस्तक अभियान का भी शुभारंभ किया। उन्होंने प्धानमंत्री आवासए राष्ट्रीय परिवार सहायता और मुख्यमंत्री जन.कल्याण ;संबलद्ध के हितग्राहियों को लाभ.पत्र वितरित किये। आठ महिला हितग्राहियों को उज्जवला योजना में रसोई गैस कनेक्शन वितरित किये। क्षेत्रीय सांसद सुभाष पटेल भी मौजूद थे।

ननि के कर्मचारी 18 से कर रहे तालाबंदी की तैयारी

0 सफाई पेयजल सहित जरुरी सेवाएं भी होगी प्रभावित

भोपाल 15 जून (सन्यूस) राजधानी वासियों के लिए सर्वाधिक जरुरी सेवाएं साफसफाई तथा पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती हैए क्योंकि आगामी 18 जून से नगर निगम के कर्मचारी तालाबंदी की तैयारी कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर नगर निगम के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। इस दौरान निगम के वार्ड और जोन कार्यालयों से लेकर मुख्यालय भवन तक में तालाबंदी की तैयारी है। मप्र नगर निगमए नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि छह सूत्रीय मांगें पूरी नहीं किए जाने के विरोध में राज्य सरकार को अल्टीमेटम सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव विवेक अग्रवाल और वित्त मंत्री जयंत मलैया से गत 28 अप्रैल को चर्चा हुई थी। उस दौरान आश्वासन दिया गया था कि कर्मचारियों की मांगें जायज हैं। इन्हें मान लिया जाएगा। लेकिनए डेढ़ माह बाद भी इसके आदेश नहीं किए गए। सोलंकी ने बताया कि भोपाल सहित प्रदेश के 388 नगर निगम और नगर पालिकाओं के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगेए जब तक आदेश जारी नहीं होंगे तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

मालूम हो कि गत 20 अप्रैल को निगम के कर्मचारी हड़ताल पर गए थे। जोन और वार्ड कार्यालयों के साथ ही नगर निगम मुख्यालय में तालाबंदी की गई थी।

कामकाज बंद रहने से टैक्स जमा नहीं हो पाया था। जिससे निगम को करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। नगर निगम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नगरीय निकायों के अधिकारियों.कर्मचारियों एवं सफाईकर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने अधिकारियों कर्मचारियों को 9 वर्षों से लंबित समयमान.वेतनमान लाभ देनेए नगर निगमों में स्थापना व्यय की सीमा 65 फीसदी की जगह 75 फीसदी करनेए नगरीय निकायों में सितंबर 2016 से कार्यरत दैवेभो श्रमिकों का स्थाईकरण करनेए निकायों के सेवाभर्ती नियमों में कम्प्यूटर ऑपरेटर का पद शामिल करना शामिल है। कर्मचारी नेता ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया तो काम बंद कर सडकों पर उतरने को मजबूर होगीए जिसकी जवाबदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

संकीर्ण राजनीति राहुल गांधी की गरिमा के प्रतिकूल - शर्मा

भोपाल15 जून (ए) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी विश्व की उन हस्तियों में है जिनके दीदार हर कोई देश और विदेश के लोग करना चाहते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण में भारत आए नवाज शरीफ ने भी उनसे मिलने की इच्छा व्यक्त की थी। लेकिन अब जब एम्स में वाजपेयी जी पहुंचे। उन्हें देखने पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजनैतिक स्कोर का जरिया बनाकर सामाजिक सरोकार को ही उपहास का विषय बना दिया। हाल चाल पूछने के साथ राजनीति करके राहुल गांधी ने राजनैतिक मूल्यों की मर्यादा ही खंडित कर दी है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का असल निशाना भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता की निगाहों में कमतर दिखाना थाए इसलिए वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का संदर्भहीनए निराधार दृष्टांत दियाए लेकिन राहुल गांधी को कांग्रेस के इतिहास की जानकारी होती तो शायद वे यह भूल करके सामाजिक सरोकार और राजनैतिक मूल्य खंडित नहीं करते।

शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी वास्तविकता का सामना करने के बजाय आईना फोड़ रहे है। जिस कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष केसरी को कार्यालय से अपमानित कर बाहर निकालाए पूर्व प्रधानमंत्री पीण्व्हीण् नरसिम्हाराव के बाद वह ऐसे लोगों को उपदेश दे रहे हैए जो आदर्शो के प्रति समर्पित है। राजनैतिक मूल्य पर उपदेश देकर स्वयं हास्य का पात्र बन रहे है। राहुल गांधी ने जिस तरह अटलजी की बीमारी पर तुच्छ राजनीति की है वह निदंनीय है। मानवीय संवेदना को कभी न तो राजनैतिक मुद्दा बनाया जाता है और न अपने विरोधियों पर हमला करने के लिए हथियार बनाया जाता हैए लेकिन ऐसा करके राहुल गांधी ने भारतीय मानव मूल्यों का निरादर किया है।

चुनाव आयोग संबंधित विषयक समिति की बैठक 18 को

भोपाल 15 जून (ए) भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग संबंधित विषयक समिति की आवश्यक बैठक 18 जून को शाम 4 बजे पंण् दीनदयाल परिसरए प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जायेगी।

समिति के संयोजक शांतिलाल लोढ़ा ने बताया कि बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पार्टी की तैयारियों पर विचार कर रणनीति तैयार की जायेगी। बैठक में समिति के सह संयोजक बाबूसिंह रघुवंशीए समिति के सदस्य एसणएसण् उप्पलए ओम श्रीवास्तवए संतोष शर्माए कृष्णवीर सिंह ठाकुरए रवि कोचर और नीतिन पंडित भाग लेंगे।

सहकारी बैंकों द्वारा फसलों का भुगतान न होने से किसानों में रोष व्याप्त

0 सभी सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को सातवां वेतनमान दिया जाये- यादव

भोपाल 15 जून (ए) मध्यप्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भगवानसिंह यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसानों द्वारा बेची गई फसलों का भुगतान जिला सहकारी बैंकों द्वारा नहीं किया जा रहा है। किसानों को सरकार ने आश्वासन दिया था कि समितियों में बेची गई फसलों का भुगतान तीन दिन के अंदर कर दिया जायेगा। हालात यह हैं कि फसल बेचने के पन्द्रह से बीस दिनों के बाद भी किसानों का फसल का भुगतान नहीं मिला है। इस कारण प्रदेश के किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

यादव ने कहा कि किसान बैंकों के चक्कर लगा रहे हैंए लेकिन प्रदेश के 38 जिला सहकारी बैंकों के सात हजार से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सभी सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को भी राज्य सरकार के कर्मचारियों के समान एक जनवरी 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग ने 38 में से केवल लाभ अर्जित कर रहे ग्यारह बैंकों के कर्मचारियों को ही सातवें वेतनमान का लाभ दिये जाने के आदेश जारी किये हैं। यह आदेश असमानता और विसंगति का उदाहरण है।

यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार पर तो डेढ लाख करोड़ रूपये से अधिक का कर्ज हैए फिर भी प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिया गया है। फिरए सहकारी बैंकों के कर्मचारियों ने क्या बिगाड़ा है। यादव ने शिवराज सरकार से मांग की है कि बैंक कर्मचारियों के साथ बिना किसी भेदभाव के सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाये। एस्मा जैसी कार्यवाही पर तत्काल रोक लगायी जायेए जिससे कर्मचारी हड़ताल समाप्त करें और किसानों को उनकी फसलों का भुगतान तत्काल मिल सके।

भाजपा की जीत की प्रत्याशा से कांग्रेस भयाक्रांत- विजयवर्गीय

भोपाल15 जून (ए) भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता डॉण् दीपक विजयवर्गीय ने कहा कि नवंबर 2018 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत की इबारत लिखी जा चुकी है। कांग्रेस अपने पराजय बोध से उबर नहीं पा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस महसचिव दिग्विजय सिंह अभी भी पराजय बोध से उबर नहीं पाए है। गत दिवस विदिशा में पराजय बोध का सबूत एक कांग्रेसी आयोजन में जिस तरह दिग्विजय सिंह ने दियाए कांग्रेसी भी उससे विचलित हुए है। डॉण् विजयवर्गीय ने कहा कि कार्यकर्ताओं में समन्वय की दृष्टि से आयोजन कार्यक्रम में जब सभी भोजन की थाली पर बैठे थेए दिग्विजय सिंह ने थाली छोड़कर जब माईक थामा सभी अवाक रह गए। दिग्विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि टिकट तो किसी एक को ही मिलेगाए लेकिन जिसे टिकट नहीं मिलेगा क्या वे टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के बागी तो नहीं बन जायेगे।

रेत से भरे तेज रफ्तार डंपरों पर तत्काल रोक लगे - मानक

भोपाल 15 जून (ए)। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मानक अग्रवाल ने कहा है कि नर्मदा से रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। रेत से भरे डंपर भोपाल.होशंगाबाद रोड पर लगातार एक के पीछे एक आते.जाते रहते हैं। आम जनता को अपने वाहन से चलने की कोई जगह ही नहीं बचती। ये डंपर बेखौफतेज रफ्तार से चलते हैं और दूसरे वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं देते। इससे 24 घंटे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की जान की कोई परवाह नहीं है और वह आंख मूंदे बैठी है। अग्रवाल ने कहा कि बुधवार को नेशनल हाईवे 69 पर मिडघाट सेक्शन और बुधनी के बीच दर्दनाक कार हादसा हो गयाए जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह कार दो डंपरों के बीच में इस कदर फंस गई थी कि क्रेन की मदद से कार के टुकड़े.टुकड़े कर शवों को बाहर निकाला गया। अग्रवाल ने कहा कि दूसरा हादसा माखन नगर गूजरवाड़ा गांव और कीरपुरा के बीच हुआ बुधवार की रात रेत के भरे एक तेज रफ्तार डंपर ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गईए जिससे ग्रामीण भड़क गये और डंपर को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद वहां से गुजर रहे करीब दो दर्जन डंपरों में आग लगा दी।अग्रवाल ने कहा कि अब रेत रफ्तार डंपरों की लापरवाही के कारण आम जनता का गुस्सा भड़कने लगा है। सरकार समय रहते इन घटनाओं को रोकने के कोई कारगर उपाय नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि रेत से भरे डंपर किसकी शह पर सड़कों पर बेखौफदौड़ रहे हैं और पुलिस उनपर कोई कार्यवाही नहीं करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश देंए ताकि दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके।

आयकर इंस्पेक्टर को लोकायुक्त ने बीस हजार की रिश्वत लेते दबोचा

भोपाल 15 जून (ए) मध्यप्रदेश लोकायुक्त पुलिस सागर संभाग ने बडी कार्यवाही करते हुए आयकर विभाग के इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह चौधरी को बीस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैए मामला नोटबंटी के समय महिला द्वारा जमा की गई रकम से जुडा बताया जा रहा है। वहीं लोकायुक्त अफसरो ने बताया कि फरियादिया महिला अंजुम जहां पर टैक्स की रकम सहित उसकी पेनाल्टी बकाया थीए बकाया टैक्स और पेनाल्टी की रकम को जीरो करने के एवज में आयकर विभाग के निरीक्षक गजेंद्र सिंह चौधरी द्वारा महिला से बीस हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। परेशान होकर महिला ने इसकी शिकायत सागर लोकायुक्त में कीए शिकायत मिलने पर लोकायुक्त पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद जाल बिछायाए इसके बाद जब महिला ने गजेंद्र सिंह को रिश्वत की रकम देने की बात कही तब आरोपी ने उसे पैसा लेकर आयकर विभाग कार्यालय सागर में ही बुला लियाए यहां जैसे ही आरोपी आयकर इंस्पेक्टर ने रकम अपने कब्जे में ली तब वहां पहले से ही जाल बिछाये लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथो दबोच लिया।

निर्माणाधीन मकान पर गिरी हाईटेंशन लाईन

0 दो नाबालिक मजदूरों की करेंट लगने से मौत, ठेकेदार हिरासत में

भोपाल 15 जून (ए)राजधानी के पिपलानी थाना इलाके में हुएएक दर्दनाक हादसे में मजदूरी कर रहे दो किशोरों की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया है कि दोनों मृतक किशोर निर्माणाधीन मकान मेंकाम कर रहे थे। तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन टूट गई। जिसके बाद मकान पर आ गिरे और दोनों किशोर करेंट की चपेट में आ गये। जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिपलानी थाना इलाके में स्थित सोनागिरी में मकान के निर्माण का काम चल रहा है। मकान बनवाने वाले ठेकेदार का काम चल रहा है। मकान बनवाने वाले ठेकेदार द्वारा यहां काम करने के दो नाबालिगों अजय और दुर्गेश को लाया गया था। बताया गया है कि किशोर अजय और दुर्गेश अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए मजदूरी करते थे। मकान में काम के दौरान अचानक मकान के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन अचानक टूट गई जिसके तार मकान पर आ गये। इस दौरान यहां काम कर रहे दोनों किशोर हाईटेंशन लाइन के तारों की चपेट में आ गये। जिसके कारण दोनों किशोरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आसपास काम करने वाले अन्य लोगों ने जैसे तैसे उन्हें करेंट के तारों की चपेट से छुड़ाकर उन्हें उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों किशोरों के शवों के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया है कि जहां पुलिस द्वारा हादसे की जांच की जा रही है। वहीं नाबालिगों से मजदूरी कराने को लेकर फिलहाल पुलिस ने काम कराने वाले ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है। जिसके खिलाफप्रकरण दर्ज किये जाने की तैयारी की जा रही है।

सैयद जाफर कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय मीडिया टीम के सदस्य

भोपाल 15 जून (ए) प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रवक्ता सैयद जाफर को प्रदेश कांग्रेस की मीडिया टीम का सदस्य मनोनीत किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया समिति में पूर्व में तीन सदस्य थेए जिसमें जाफर को मिलाकर अब चार सदस्य हो गये हैं। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी मानक अग्रवाल के अलावा पंकज चतुर्वेदीए पंकज शर्मा एवं सैयद जाफर सदस्य है।